भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 904

गुरुवार, 07 दिसम्बर, 2023(16 अग्रहायण, 1945 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

*****

<u>नागर विमानन अनुसंधान केंद्र</u>

904.श्री अनुराग शर्माः

श्री पी.पी.चौधरीः

श्री संगम लाल गुप्ताः

श्री सी.आर.पाटिलः

डॉ.रमापति राम त्रिपाठीः

क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश भर में नागर विमानन अनुसंधान केन्द्रों की स्थापना के संबंध में सरकार द्वारा वर्तमान में कितनी प्रगति की गई है;

(ख) क्या प्रस्तावित नागर विमानन अनुसंधान केन्द्रों में प्रशिक्षण सुविधाएं भी होंगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार उत्तर प्रदेश, राजस्थान और गुजरात सहित अन्य राज्यों में नागर विमानन अनुसंधान केन्द्र परियोजनाओं में निवेश करने की योजना बना रही है; और

(घ) यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके लिए कुल कितनी धनराशि आवांटित की गई है?

<u>उत्तर</u>

<u>नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल) (डा.), विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त)</u>

(क) और (ख): बेगमपेट हवाईअड्डा, हैदराबाद में नागर विमानन अनुसंधान संगठन (सीएआरओ) का निर्माण 346 करोड़ रुपए की लागत से दिनांक 15.06.2023 को पूरा कर दिया गया है। अनुसंधान के विषय चिह्नित किए जाने, अनुसंधान सुविधाओं/टूल्स की स्थापना करने, अनुसंधान भागीदारों को रखे जाने, इत्यादि से सीएआरओ का प्रचालन हो पाएगा।

(ग) और (घ): जी नहीं।

*****